लोक सभा अध्यक्ष ने छठ पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली 09 नवंबर 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने छठ पर्व की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

मेरे प्यारे देशवासियों! लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा की आप सबको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

हमारे देश के पूर्वाञ्चल से आरंभ हुआ यह पर्व आज सही अर्थों में वैश्विक पर्व बन गया है। चार दिनों तक चलने वाला इस पर्व के दौरान सृष्टि के प्राणदाता भगवान भास्कर के रूप में प्रकृति की उपासना आस्था और विश्वास के साथ की जाती है। हमारे पूर्वांचली बंधु विश्व में जहां कहीं भी रहते हैं, अपने परिश्रमी और सेवाभावी स्वभाव से उन्होंने अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। उन्होंने भारत की संस्कृति, परम्पराओं और त्योहारों का भी प्रसार किया है।

यही कारण है कि जब वे इस लोकपर्व को धूम धाम तथा उल्लास से मनाते हैं, तो अन्य धर्मों, संस्कृति, भाषा और देश के लोग भी उनके इस उत्सव का भाग बन जाते हैं। छठ पर्व सच्चे अर्थों में लोक पर्व है। सभी प्रकार के सामाजिक और आर्थिक भेदभाव को भूलकर यह पर्व सामुदायिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

मेरी ईश्वर से कामना है कि छठ का यह पावन पर्व समस्त देशवासियों के जीवन में खुशहाली और सुख-समृद्धि लेकर आए। आप सबको पुनः छठ पर्व की मंगलकामनाएं। समस्त देशवासियों पर भगवान भास्कर की कृपादृष्टि बनी रहे, यही कामना है।